# देखा अपने आप को मेरा दिल दीवाना हो गया लिरिक्स

देखा अपने आप को,
मेरा दिल दीवाना हो गया,
ना छेड़िये यारों मुझे,
मैं खुद मस्ती में आ गया।bd।

---

लाखों सूरज और चन्द्रमा,
कुरबान है मेरे हुस्न पे,
अद्‌भुत छबी को देख के,
कहने से मैं सरमा गया।bd।

---

अब खुदी से बाहिर हैं हम,
इश्क कफनीं पहिन के,
सब रंग में चोला रंगा,
दीदार अपना पा गया।bd।

---

अब दिखता नहीं कोई मुझे,
दुनियां में मेरे ही सिवा,
दुई का दफ्तर फठा,
सारा भ्रम विला गया।bd।

---

‘अचलराम” अब खुदबखुद है,
महबूब मुझ से ना जुदा,
निज नूर में भरपूर हो,
अपने में आप समा गया।bd।

---

देखा अपने आप को,
मेरा दिल दीवाना हो गया,
ना छेड़िये यारों मुझे,
मैं खुद मस्ती में आ गया।bd।

गायक – राधेश्याम शर्मा।

रचना – स्वामी अचलराम जी महाराज।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com